श्याम मुझपे भी नज़रे करम कीजिए भजन लिरिक्स

श्याम मुझपे भी नज़रे करम कीजिए,
मैं भी हारा जगत से रहम कीजिए,
मांगता भीख दर पे तेरे सांवरे,
मैं तर जाऊँ दाता ये वर दीजिए,
श्याम मुझपे भी नज़रें करम कीजिए,
मैं भी हारा जगत से रहम कीजिए।bd।

तर्ज – आज कल याद कुछ और।

अपनों ने साथ छोड़ा ना कोई मेरा,
दर ब दर खाके ठोकर मिला दर तेरा,
श्याम मेरी भी बिगड़ी बना दीजिए,
मुझपे उपकार मेरे प्रभु कीजिए,
श्याम मुझपे भी नज़रें करम कीजिए,
मैं भी हारा जगत से रहम कीजिए।bd।

मेरे जीवन के पन्ने ख़तम हो चले,
इस छलिया जगत में गए हम छले,
श्याम मेरा मुक्क्दर जगा दीजिए,
मेरी कश्ती किनारे लगा दीजिए,
श्याम मुझपे भी नज़रें करम कीजिए,
मैं भी हारा जगत से रहम कीजिए।bd।

कर दो हमपे दया खाटू के सांवरे,
तेरे दीदार को नैना है बाँवरे,
श्याम 'पागल' को अपना बना लीजिए,
श्याम 'जख्मी' दिलों में बसा दीजिए,
श्याम मुझपे भी नज़रें करम कीजिए,
मैं भी हारा जगत से रहम कीजिए।bd।

श्याम मुझपे भी नज़रे करम कीजिए,
मैं भी हारा जगत से रहम कीजिए,
मांगता भीख दर पे तेरे सांवरे,
मैं तर जाऊँ दाता ये वर दीजिए,
श्याम मुझपे भी नज़रें करम कीजिए,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मैं भी हारा जगत से रहम कीजिए।bd।

Singer – Rasik Pooran Pagal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com